an>

Title: Need to conserve environment and check pollution in Lakhimpur district of Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज दुनिया के सभी देश पर्यावरण संरक्षण के लिए चिंतित हैं। हमारी सरकार भी पर्यावरण संरक्षण के लिए निरन्तर अभियान चला रही है।

उपाध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी नदियों और जंगलों से घिरा हुआ एक बहुत ही खूबसूरत क्षेत्र है, जो कृÂिा की दृÂिट से भी बहुत उपजाऊ क्षेत्र है। वहां पर कृÂिा उपज अधिक होने के कारण बहुत सारी शुगर फैक्ट्रियां भी हैं। इसमें तीन शुगर फैक्ट्रियां, पलिया की हिंदुस्तान शुगर फैक्ट्री, गोला की बजाज शुगर फैक्ट्री और खम्बारखेड़ा की शुगर फैक्ट्री के कारण उनके गंदे पानी के नाले कई जगह नदियों पर मिल गए हैं और कई जगहों पर बस्तियों के किनारे निकलते हैं। इसके कारण पर्यावरण का बहुत नुकसान हो रहा है। सीधे-सीधे नदियों में मिल जाने के कारण वहां जीव-जंतुओं की मृत्यु भी हो रही है और आसपास की भूमि शीरा बिखर जाने के कारण ऊÂार-बंजर हो रही है, जिससे किसानों को बहुत नुकसान हो रहा है, उनकी फसलों का नुकसान हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि इन चीनी मिलों से यह कहा जाए कि वहां पर वे जल संशोधन के प्लांट लगाएं और अपने नालों को जो गंदे पानी के नाले नदियों में मिल रहे हैं, उनके लिए अलग व्यवस्था करें। कृÂिा उपज के आसपास जो उनका शीरा बिखर जाता है, उसे भी व्यवस्थित करने का वह कÂट करें। इससे हमारे किसानों की कृÂिा उपज बचेगी, कृÂिा भूमि की रक्षा होगी और पर्यावरण का भी संरक्षण होगा।